संसद सदस्यों ने श्री एम. अनन्तशयनम आयंगर को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 4 फरवरी, 2015: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष, श्री एम. अनन्तशयनम आयंगर को आज उनकी वर्षगांठ के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में श्रद्धांजलि दी । इस अवसर पर केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री; आवास और शहरी गरीबी उपशमन कार्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री, श्री एम. वेंकैय्या नायडू; लोक सभा के उपाध्यक्ष, डॉ एम तम्बीदुरै और संसद के अनेक वर्तमान और पूर्व सदस्यों ने भी श्री एम.ए. आयंगर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्रा और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शैरिफ ने भी श्री आयंगर को श्रद्धांजलि दी ।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्री आयंगर के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

श्री एम.ए. आयंगर एक वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी और प्रख्यात सांसद थे । वह केन्द्रीय विधान सभा, संविधान सभा, अंतरिम संसद और पहली से तीसरी लोक सभा के सदस्य रहे ।

1952 में पहली लोक सभा के गठन के समय श्री एम.ए. आयंगर सर्वसम्मति से लोक सभा के उपाध्यक्ष चुने गए । इससे पहले वह संविधान सभा (विधायी) के उपाध्यक्ष और अंतरिम संसद के उपाध्यक्ष पद पर भी आसीन रहे । श्री जी.वी. मावलंकर के आकस्मिक निधन पर श्री आयंगर को 8 मार्च, 1956 को सर्वसम्मति से लोक सभा का अध्यक्ष चुना गया । 1957 में दूसरी लोक सभा का गठन होने पर श्री आयंगर को पुनः सर्वसम्मति से लोक सभा का अध्यक्ष चुना गया । यद्यपि, वह तीसरी लोक सभा के लिए चुने गए थे, परन्तु बिहार के राज्यपाल का कार्यभार ग्रहण करने के लिए उन्होंने लोक सभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया ।

श्री आयंगर का 19 मार्च, 1978 को निधन हो गया ।